**प्रेस विज्ञप्ति**

**सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2018-19 (श्रृंखला IV) - निर्गम मूल्य**

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से 24-28 दिसंबर, 2018 की अवधि के लिए सॉवरेन स्वर्ण बांड 2018-19 की (श्रृंखला-IV) आरंभ की है। दिनांक 01 जनवरी, 2019 को निपटान के साथ इस अभिदान अवधि अर्थात् 24-28 दिसंबर, 2018 के दौरान इस बांड का निर्गम मूल्य प्रति ग्राम रु.3,119 (तीन हजार एक सौ उन्नीस रुपये मात्र) होगा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 21 दिसंबर, 2018 को जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में भी प्रकाशित किया है।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों , जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये मात्र) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य रु. 3 ,069 (तीन हजार एक सौ उनहत्तर रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ बलॉक, नई दिल्ली- 110001
**दिनांकः 21 दिसंबर, 2018**